पत्रांकः— 04/NULM-61(PF-1)/2016/....2441.... / न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषकः—

अपर सचिव—सह—उप निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
बिहारशरीफ / पटना / दरभंगा / मुजफ्फरपुर / आरा / गया
नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
सासाराम / भभुआ / अरवल / हाजीपुर / सुपौल / मधेपुरा / सीतामढ़ी /
बेतिया / मोतिहारी / सहरसा

पटना, दिनांकः 03/10/18

विषयः— **दिनांक 5–6 एवं 8–9 अक्तूबर, 2018 को बामेती, पटना में प्रस्तावित दो–दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि, DAY-NULM योजना के अधीन नवनिर्मित आश्रय स्थल एवं पूर्व में मौजूद रैन बसरों के प्रचालन एवं प्रबंधन का कार्य विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार स्वयं सहायता समूहों के क्षेत्र स्तरीय संघों (Area Level Organisations) के माध्यम से कराया जाना है। आश्रय स्थल के सुचारू रूप से प्रचालन एवं प्रबंधन हेतु आश्रय स्थल के कर्मियों तथा क्षेत्र स्तरीय संघों (ALO) के मुख्य प्रतिनिधियों के साथ–साथ नगर मिशन प्रबंधकों का प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कराया जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य से दो–दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय विभाग द्वारा लिया गया है। उक्त दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन **बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संथान (बामेती)**, निकट सी.पी.आर.एस, पोस्ट– बिहार भेटनरी कॉलेज, पटना में दो चरणों में क्रमशः **दिनांक 5–6 एवं 8–9 अक्तूबर, 2018** को किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की निकायवार / तिथिवार विवरणी तालिका आपके सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है **(अनुलग्नक–क)**। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले आश्रय स्थल कर्मियों एवं क्षेत्र स्तरीय संघों (Area Level Organisations) के प्रतिनिधियों को यात्रा भत्ता का भुगतान DAY-NULM के SUH घटक के अधीन नगर निकायों को उपलब्ध करायी गयी राशि से संबंधित नगर निकायों द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि वर्णित दो–दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आश्रय स्थल कर्मियों तथा क्षेत्र स्तरीय संघों के मुख्य प्रतिनिधियों के साथ–साथ संबंधित नगर मिशन प्रबंधकों की ससमय सहभागिता प्रशिक्षण स्थल पर सुनिश्चित कराने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

3/10/18

अपर सचिव–सह–उप निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

अनुलग्नक–क

प्रस्तावित दो बैच के प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की विवरणी

बैच संख्या	नगर निकायों के नाम जहाँ आश्रय स्थल संचालित हैं	आश्रय स्थल का प्रकार	स्चालित आश्रय स्थल की संख्या	प्रस्तावित प्रतिभागी				कुल प्रस्तावित प्रतिभागियों की संख्या
				आश्रय स्थल प्रबंधक	केयर टेकर	ALO अध्यक्ष / सचिव	नगर मिशन प्रबंधक	
01 (05–06 अक्तूबर 2018)	सासाराम	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	भभुआ	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	बिहारशरीफ	नवनिर्मित–1 एवं पूर्व से निर्मित–2	03	3	3	1	1	8
	पटना	पूर्व से निर्मित	03	3	3	1	1	8
	अरवल	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	हाजीपुर	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	सुपौल	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	मधेपुरा	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	सीतामढी	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
	दरभंगा	नवनिर्मित	01	1	1	1	1	4
		कुल (बैच–1)	14	**14**	**14**	**10**	**10**	**48**
02 (08–09 अक्तूबर 2018)	मुजफ्फरपुर	पूर्व से निर्मित	06	6	6	1	1	14
	बेतिया	पूर्व से निर्मित	01	1	1	1	1	4
	आरा	पूर्व से निर्मित	03	3	3	1	1	8
	गया	पूर्व से निर्मित	04	4	4	1	1	10
	मेतिहारी	पूर्व से निर्मित	01	1	1	1	1	4
	सहरसा	पूर्व से निर्मित	01	1	1	1	1	4
		कुल (बैच–2)	16	**16**	**16**	**6**	**6**	**44**

1. प्रस्तावित बैच की संख्या – 02
2. प्रस्तावित प्रतिभागियों की संख्या (बैच–1) – 48
3. प्रस्तावित प्रतिभागियों की संख्या (बैच–2) – 44

प्रस्तावित कुल प्रतिभागियों (बैच–1 बैच–2) की संख्या – 92